दिल्ली पब्लिक स्कूल जम्मू

सत्र 2024- 25

आदर्श परीक्षा पत्र

कक्षा: आठवीं विषय: हिंदी

पूर्णांक:80 समय:3घंटे

सामान्य निर्देश:-

- इस प्रश्न पत्र के चार खंड है।
- चारों खंडों के प्रश्नों के उत्तर देना अनिवार्य हैं।
- प्रश्नों के उत्तर क्रमानुसार लिखिए।
- शब्द सीमा पर विशेष ध्यान दीजिए।

खंड अ(वस्तुपरक प्रश्न )

प्र1.निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर दिए गए प्रश्नों के उचित विकल्प चुनिए। (1×5=5)

17 अक्तूबर, 1949 को अनुच्छेद 370 भारतीय संविधान का हिस्सा बना तथा इसे एक 'अस्थाई प्रावधान' के रूप में जोड़ा गया था ,जिसने जम्मू- कश्मीर को छूट दी थी ,ताकि वह अपने संविधान का मसौदा तैयार कर सके और राज्य में भारतीय संसद की विधायी शक्तियों को प्रतिबंधित कर सके। यह संविधान के प्रारूप में एन गोपालस्वामी अय्यंगार द्वारा प्रस्तुत किया गया था। अनुच्छेद 370 के तहत जम्मू- कश्मीर की संविधान सभा को यह सिफ़ारिश करने का अधिकार दिया गया था कि भारतीय संविधान के कौन से अनुच्छेद राज्य में लागू होने चाहिए। अनुच्छेद 35A अनुच्छेद 370 से उपजा है और जम्मू- कश्मीर संविधान सभा की सिफ़ारिश पर 1954 में राष्ट्रपति के एक आदेश के माध्यम से लागू किया गया था ।अनुच्छेद 35A जम्मू - कश्मीर विधायिका को राज्य के स्थायी निवासियों और उनके विशेषाधिकारों को परिभाषित करने का अधिकार देता है ।भारतीय संविधान में अनुच्छेद 370 को जम्मू -कश्मीर को स्वायत्तता प्रदान करने के लिए जोड़ा गया था। किंतु यह कश्मीरियों की भलाई करने में विफल रहा ।इसी के चलते कश्मीर लंबे समय से उग्रवाद और हिंसा से पीड़ित रहा । इसने कश्मीर और अन्य राष्ट्रों के बीच खाई को बढ़ाने का कार्य किया । इसके चलते पाकिस्तान और चीन जैसे पड़ोसियों से भारत की सुरक्षा संबंधी चुनौतियाँ और जटिल हो रही थीं। केंद्र सरकार ने एक ऐतिहासिक फ़ैसला लेते हुए जम्मू -कश्मीर राज्य से संविधान का अनुच्छेद 370 हटाने और राज्य का विभाजन दो

केंद्र शासित क्षेत्र- जम्मू- कश्मीर एवं लद्दाख के रूप में करने का प्रस्ताव किया ।अब अनुच्छेद 370 का केवल खंड एक लागू रहेगा, शेष खंड समाप्त हो गए हैं ।खंड -1 भी राष्ट्रपति द्वारा लागू किया गया तथा राष्ट्रपति द्वारा ही इसे भी हटाया जा सकता है। जम्मू -कश्मीर को विशेषाधिकार नहीं ।एकल नागरिकता। एक राष्ट्र एक ध्वज। अनुच्छेद 360 अब लागू ।दूसरे राज्य के लोग जम्मू कश्मीर में ज़मीन खरीद सकते हैं ।लद्दाख और जम्मू- कश्मीर को अलग-अलग केंद्र शासित प्रदेश का दर्ज़ा ।जम्मू- कश्मीर विधानसभा का कार्यालय- 5 वर्ष ।आरटीआई व मानवाधिकार नियम लागू ।

1.अनुच्छेद 370 भरतीय संविधान का हिस्सा कब बना ?

अ) 17 अक्तूबर 1949 को

आ)14 जनवरी 1946 को

इ)18 मार्च 1956 को

ई)12 अक्तूबर 1966 को

2. यह संविधान के प्रारूप में किसने प्रस्तुत किया गया था?

अ) नरेंद्र मोदी जी ने

आ) एन गोपालस्वामी अय्यंगार

इ) जवाहर लाल नेहरू

ई) मनमोहन सिंह

3.निम्नलिखित कथन (A) तथा कारण (R) को ध्यानपूर्वक पढ़िए।उसके बाद दिए गए विकल्पों में से सही विकल्प चुनिए ।

कथन (A) भारतीय संविधान में अनुच्छेद 370 को जम्मू -कश्मीर को स्वायत्तता प्रदान करने के लिए जोड़ा गया था।

कारण (R) किंतु यह कश्मीरियों की भलाई करने में विफल रहा ।

अ) कथन (A) तथा कारण (R) दोनों गलत हैं।

आ) कथन (A)  गलत है लेकिन कारण (R) सही हैं।

इ) कथन (A) तथा कारण (R) दोनों सहीँ  हैं।

ई) इनमें से कोई नहीं।

4. कौन -से दो राज्यों को अलग-अलग केंद्र शासित प्रदेश का दर्ज़ा मिला?

5. उपर्युक्त गद्यांश का उचित शीर्षक लिखिए।

व्यावहारिक व्याकरण

प्र2. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर निर्देशानुसार दीजिए:-

1.चतुर, पार्वती (एक- एक पर्यायवाची शब्द लिखिए)(अंक-2)

2.गमन, दुर्व्यवहार (विलोम शब्द लिखिए) (अंक-2)

3. जो कुछ न जानता हो, जिसे गुप्त रखा जाए। (अनेक शब्दों के लिए एक शब्द लिखिए) )(अंक-2)

4.'कनक', 'गुण'  (अनेकार्थक शब्द लिखिए) )(अंक-2)

5.i)अचार/आचार ०००००००(समरूपी  भिन्नार्थक शब्द लिखिए) )(अंक-2)

6. i)खून -पसीना एक करना , ii)कलम तोडन (मुहावरे का अर्थ लिखिए) )(अंक-2)

7. 'प्रत्युत्तर' (संधि विच्छेद कीजिए) )(अंक-1)

8. वर्णों के मेल से बने स्वतंत्र सार्थक ध्वनि समूह को ______कहते हैं। )(अंक-1)

**9. नुकसानदायक (उत्पत्ति या स्रोत के आधार पर शब्द भेद लिखिए) )(अंक-1)**

**10. आम के आम----(लोकोक्ति पूरी करें) )(अंक-1)**

**11. माताजी अनाथालय के लिए कंबल लाई। (उचित कारक चिन्ह को रेखांकित कीजिए) )(अंक-1)**

**12. 'विज्ञापन'(शब्द का वर्ण विच्छेद कीजिए) )(अंक-1)**

**13. 'रात्रि'(तद्भव शब्द लिखिए) )(अंक-1)**

**14.क्+ऋ+प्+आ(वर्ण मेल करें) )(अंक-1)**

**15. रावण को <u>दशानन</u> भी कहा जाता है। (रेखांकित शब्द में रचना के आधार पर भेद बतलाइए।)(अंक-1)**

**खंड- ब (वर्णनात्मक प्रश्न)**

**प्र3. निम्नलिखित पठित गद्यांश को ध्यान पूर्वक पढ़कर दिए गए प्रश्नों के उचित विकल्प चुनिए:-1×5=5)**

*मैं भी बहुत भयभीत था पर ड्राइवर को किसी तरह मार-पीट से बचाया। डेढ़-दो घंटे बीत गए। मेरे बच्चे भोजन और पानी के लिए व्याकुल थे। मेरी और पत्नी की हालत बुरी थी। लोगों ने ड्राइवर को मारा तो नहीं पर उसे बस से उतारकर एक जगह घेरकर रखा। कोई भी दुर्घटना होती है तो पहले ड्राइवर को समाप्त कर देना उन्हें उचित जान पड़ा। मेरे गिड़गिड़ाने का कोई विशेष असर नहीं पड़ा। इसी समय क्या देखता हूँ कि एक खाली बस चली आ रही है और उस पर हमारा बस कंडक्टर भी बैठा हुआ है। उसने आते ही कहा, "अड्डे से नई बस लाया हूँ, इस बस पर बैठिए। वह बस चलाने लायक नहीं है।" फिर मेरे पास एक लोटे में पानी और थोड़ा दूध*

*लेकर आया और बोला, पंडित जी! बच्चों का रोना मुझसे देखा नहीं गया। वहीं दूध मिल गया, थोड़ा लेता आया।"*

1. ***उपर्युक्त गद्यांश के लेखक का नाम है -***
   ***क)भगवती चरण ख)रामप्रसाद मिश्र***
   ***ग)हजारी प्रसाद द्विवेदी घ)अरविंद कुमार***

**2. लेखक ने किसको मार-पीट से बचाया?**
**(क) यात्रियों को (ख) डाकुओं क**
**(ग) बच्चों को। (घ) ड्राइवर को**

**3. बस का कंडक्टर कहाँ चला गया था?**
**(क) नई बस को लाने (ख) खाना खाने**
**(ग) घूमने (घ) मदद के लिए लोगों को बुलाने**

**4. किसकी हालत बुरी हो रही थी?**
**(क) लेखक और उनके परिवार की (ख) समाज की**
**(ग) कंडक्टर की (घ) कोई भी नहीं**

**5. यात्रियों ने ड्राइवर के साथ क्या किया?**
**(क) उसे भगा दिया (ख) बस चलाने नहीं दिया**
**(ग) सभी ने उसे बहकाया (घ) उसे एक जगह घेर कर रखा**

**प्र4. निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं दो के उत्तर 25 से 30 शब्दों में लिखिए:-(3×2=6)**

**क. 'मशीनी युग' ने कितने हाथ काट दिए हैं।' इस पंक्ति में लेखक ने किस व्यथा की ओर संकेत किया है?**

**ख. लेखक ने स्वीकार किया है कि लोगों ने उन्हें भी धोखा दिया है फिर भी वह निराश नहीं है। आपके विचार से इस बात का क्या कारण हो सकता है?**

**ग. "लोगों ने सलाह दी कि समझदार आदमी इस शाम वाली बस से सफ़र नहीं करते"लोगों ने सलाह क्यों दी?**

**प्र5.निम्नलिखित में से किन्हीं दो का आशय स्पष्ट कीजिए:-(2×2=4)**

**क. झूठ और फरेब का रोज़गार करने वाले फल- फूल रहे हैं।**

**ख. पक्षी और बादल प्रेम, सद्भाव और एकता का संदेश एक देश से दूसरे देश को भेजते हैं।**

**ग. मस्ती का आलम साथ चला**

**हम धूल उड़ाते जहाँ चले।**

**प्र6.निम्नलिखित पठित काव्यांश को पढ़कर दिए गए प्रश्नों में से उचित विकल्प चुनिए-(1×5=5)**

*हम दीवानों की क्या हस्ती,*
*हैं आज यहाँ, कल वहाँ चले,*
*मस्ती का आलम साथ चला,*
*हम धूल उड़ाते जहाँ चले।*
*आए बन कर उल्लास अभी,*
*आँसू बन कर बह चले अभी,*
*सब कहते ही रह गए, अरे,*
*तुम कैसे आए, कहाँ चले?*

1. ***उपर्युक्त काव्यांश के रचयिता------ है।***

   **(क)जया जादवानी (ख) रामधारी सिंह दिनकर (ग)भगवती चरण वर्मा (घ) कोई नहीं**

**2. 'दीवानों' किस प्रकार के व्यक्तियों को कहा गया-**

(क) अवारा व्यक्तियों को
(ख) मनमौजी व्यक्तियों को
(ग) सनकी व्यक्तियों को
(घ) सुन्दर व्यक्तियों को

**3.धूल उड़ाकर चलने का अर्थ होगा?**

(क) निश्चित होकर चलना
(ख) हाथों से धूल उड़ाना
(ग) मुंह से धूल उड़ाना
(घ) मस्ती में डूबकर चलना

4. **दीवानों का हृदय कैसा होता है?**

(क) भावुक
(ख) संवेदनशील
(ग) कठोर
(घ) संवेदनशील व भावुक

**5. दीवानों के जाने पर लोग दुखी क्यों होते है?**

(क) वो थोड़े समय में ही सबसे आत्मीयता बना लेते हैं।

(ख) क्योंकि वो दूसरों को पीड़ा देते है

(ग) क्योंकि लोग उनसे दुखी थे

(घ) लोग उनके स्वार्थ से दुखी थे

**प्र7. निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्ही दो के उत्तर दीजिए:-(2×2=4)**

**क. पक्षी और बादल की चिट्ठियों में पेड़- पौधे पानी और पहाड़ क्या पढ़ पाते है ?**

**ख. कवि ने अपने आने को 'उल्लास' और जाने को 'आँसू बनकर बह जाना' क्यों कहा है?**

**ग. "यह कठिन समय नहीं है?" यह बताने के लिए कविता में कौन-कौन से तर्क प्रस्तुत किए गए हैं? स्पष्ट कीजिए।**

**प्र8. निम्नलिखित प्रश्नों में से किसी एक का उत्तर लिखिए।(1×5=5)**

**क). पेड़ पौधे पशु पक्षी फल फूल यह सब ईश्वर का अनमोल उपहार है क्या आप इस बात से सहमत हैं यदि हाँ, इनसे हमें क्या सीख मिलती है? अपने विचार 60 से 70 शब्दों में लिखिए।**

**अथवा**

**ख) "क्या किसी व्यक्ति के लिए यह उचित है कि वह अपने स्वार्थ के लिए भ्रष्टाचार में शामिल हो और झूठ बोले, भले ही इससे दूसरों को नुकसान हो? अपने विचार 6070 शब्दों में लिखिए।**

**(पूरक पुस्तक)**

**प्र9. निम्नलिखित में से किन्ही तीन के उत्तर 30 से 40 शब्दों में लिखिए:-(2×3=6)**

**क. मनु के पिता किसके सलाहकार थे? मणिकर्णिका को बचपन में और किन-किन नाम से जाना जाता था?**

**ख. गंगाधर राव के पूर्ववर्ती शासक कैसे थे ?**

**ग. हिंदू और मुसलमान के संबंध कैसे थे?**

घ. झलकारी बाई के बचपन की वह कौन सी घटना थी, जिसकी तुलना शेरशाह सूरी से की जा सकती है?

लेखन

प्र10. निम्नलिखित विषयों में से किसी एक विषय पर 80 से 100 शब्दों में अनुच्छेद लिखिए- (1×5=5)

- पहला सुख, निरोगी काया
  संकेत बिंदु

*स्वास्थ्य एक अनमोल धन *स्वस्थ रहने के लिए नियमित व्यायाम

*स्वस्थ शरीर के लिए पौष्टिक भोजन*स्वस्थ शरीर के लाभ

अथवा

*वृक्ष धरा के आभूषण हैं

संकेत बिंदु

- वृक्षों का महत्त्व • वृक्ष संरक्षण

•मानव का योगदान •प्राकृतिक सौंदर्य

प्र11. निम्नलिखित विषयों में से किसी एक विषय पर पत्र लिखिए:-

क) नगर निगम अधिकारी को नगर में डेंगू एवं चिकनगुनिया फैलने के कारण एवं इससे निपटने का पर्याप्त तैयारी के संबंध में बताते हुए पत्र लिखिए

अथवा

ख) अपने प्रधानाचार्य जी को पत्र लिखकर पुस्तकालय में हिंदी कहानियां और कविताओं की अधिक पुस्तक मांगने के लिए आग्रह कीजिए।

प्र12.निम्नलिखित विषयों में से किसी एक विषय पर संवाद लिखिए:-

क स्वतंत्रता दिवस के कार्यक्रम को लेकर दो विद्यार्थियों के बीच संवाद 8 से 10 पंक्तियों में पूरा कीजिए।

ग) पिता और पुत्र के बीच परीक्षा की तैयारी को लेकर संवाद 8 से 10 पंक्तियों में पूरा कीजिए।

प्र13.. प्रस्तुत चित्र को ध्यान पूर्वक देखते हुए 70 से 80 शब्दों में किसी कहानी अथवा घटना के रूप में  वर्णन कीजिए।

